महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांक–5487/कु0का0/2025 दिनांक– 24/01/2025

विज्ञप्ति

महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ परिसर में शैक्षणिक सत्र 2024–25 में परास्नातक स्तर पर निम्नलिखित 05 विषयों– एम०एस–सी० खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी, एम०एस–सी० कृषि अर्थशास्त्र, एम०बी०ए० कृषि व्यवसाय प्रबंधन, एम०बी०ए० आतिथ्य और पर्यटन प्रबंधन व गणित (दक्षता– कम्प्यूटर विज्ञान) में अध्यापन कार्य हेतु अतिथि प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। उक्त विषयों/पाठ्यक्रमों में अतिथि प्रवक्ताओं के चयन हेतु वॉक–इन–इन्टरव्यू दिनांक 10 फरवरी, 2025 को प्रातः 10:00 बजे से विश्वविद्यालय परिसर (आजमगढ़–गाजीपुर राजमार्ग से 2.4 किमी फोरलेन रोड) में अधोलिखित विवरणानुसार आयोजित किया जायेगा–

क्र०सं0	साक्षात्कार की तिथि एवं समय	विषय/पाठ्यक्रम	अतिथि प्रवक्ताओं की आवश्यक संख्या
01	दिनांक 10 फरवरी, 2025 को प्रातः 10:00 बजे से	1. खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी	01
		2. कृषि अर्थशास्त्र	01
		3. एम०बी०ए० कृषि व्यवसाय प्रबंधन	02
		4. एम०बी०ए० आतिथ्य और पर्यटन प्रबंधन	01
		5. गणित (दक्षता– कम्प्यूटर विज्ञान)	01

उपर्युक्त विषयों में प्रत्येक विषय हेतु उपर्युक्तानुसार अतिथि प्रवक्ताओं का चयन किया जाना है। चयन हेतु इच्छुक अर्हताधारी (यू0जी0सी0 रेग्युलेशन 2018 के अनुसार) अभ्यर्थी उपर्युक्त तिथि एवं समय पर अपने सभी मूल प्रमाण–पत्रों, सभी प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के एक सेट एवं दो रंगीन फोटोग्राफ (पासपोर्ट साइज़) सहित उपस्थित होकर वॉक–इन–इन्टरव्यू में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित हैं। अतिथि प्रवक्ताओं हेतु रू0 1000/–प्रति व्याख्यान (प्रति घंटा), प्रति माह अधिकतम रू0 40,000/– मानदेय देय होगा।
उक्त हेतु विश्वविद्यालय द्वारा किसी प्रकार का मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

24.01.25
(विशेश्वर प्रसाद)
कुलसचिव

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, कुलपति को, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ।
3. उप कुलसचिव, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ।
4. सहायक कुलसचिव, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ।
5. प्रभारी वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र–दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान/अमर उजाला, जनहित में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।

कुलसचिव